


# विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का मंत्र दिया

▸ नगर में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली निकाली





नवभारत न्यूज

**कोठी 26 सितंबर,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देशन में चल रहे वोट चोर गद्दी छोड़ एवं हस्ताक्षर अभियान के तहत पहली बार कोठी नगर पहुंचे सतना जिले के नव नियुक्त ग्रामीण जिला अध्यक्ष सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा का कोठी में भव्य आत्मीय स्वागत किया गया ।**

बस स्टैंड परिसर पर ढोल नगाड़ों पटाखों के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उनकी अगुवाई के लिए खड़े थे कोठी पहुंचते ही सर्वप्रथम नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा ने बाबा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत बस स्टैंड पर विराजित मां कालिका के दर्शन पूजन आरती करने के साथ अपने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की शुरुआत की और पैदल ही नगर भ्रमण करते हुए दीन सहायक संस्था कार्यालय पहुंचे यहां पर कोठी ब्लॉक के कार्यकर्ता मीटिंग में शामिल हुए सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं डॉ मनमोहन सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया इसके उपरांत बैठक प्रारंभ हुई। सभी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा का स्वागत माल्यार्पण कर किया इसके बाद बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया । इसके बाद मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुटता का मंत्र देते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाए जाने पर जोर दिया और सभी से सुझाव मांगे उन्होंने कहा कि आप भाजपा एवं आरएसएस से लड़ने के लिए तैयार रहे यह तभी संभव हो सकता है जब आप आपसी मतभेद भुलाकर कांग्रेस के लिए काम करेंगे जातिवाद को दूर रखकर ही काम करना होगा आज जिस प्रकार से भाजपा की नीतियों की वजह से देश की जनता भ्रमित है और सच्चाई नहीं जान पा रही है और हमारा वोट चोरी किया जा रहा है हमारे साथ छल किया जा रहा है जिसकी आवाज हमारे नेता राहुल गांधी ने सबसे पहले उठाई हैं उनकी आवाज को हमें घर-घर तक पहुंचाना होगा । बैठक संपन्न होने के उपरांत वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे के साथ रैली निकाली गई जो दीन सहायक संस्था से बाजार होते हुए देवीगंज मंदिर पहुंची जहां पर पूजा अर्चना करने के उपरांत सभी को प्रसाद दिया गया.

### बैठक और रैली में ये रहे शामिल

इस दौरान बैठक एवं रैली में रैगांव विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा, कोठी ब्लॉक के अध्यक्ष नलिनेंद्र मिश्र डब्बू, जिला महामंत्री यादवेंद्र सिंह पंजू ,नगर परिषद कोठी के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र वर्मा ,पूर्व मंडी डायरेक्टर गजेंद्र सिंह गुड्डू परसवाड़ा , संगठन मंत्री विनय सिंह गुड्डा, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव प्रभा जीतू बागरी , वंदना देवराज बागरी, जनपद सदस्य सीमा बागरी ,उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता बृजेश गर्ग सोनू ,सुनील चौधरी गुड्डा भैया ,आरती सिंह, दिनेश त्रिवेदी, जिला पंचायत सदस्य वरुण गुर्जर ट्विंकल ,मंडलम अध्यक्ष सतीश पांडे राजा ,धीरेंद्र सिंह भैया, पंकज मिश्रौलिया ,अमित पयासी ,सुरेंद्र सिंह सेक्टर अध्यक्ष विज्ञान सिंह, दीनदयाल कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कई सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नौ चैतन्य देवी की झांकी के दर्शन को भक्तों की लगी भीड़, आरती में उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 26 सितंबर, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कृष्ण नगर सतना की मुख्य संचालिका राजयोगिनी डॉक्टर रानी दीदी द्वारा रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में नौ चैतन्य देवियों की स्थापना रामपुर बाघेलान में कराई गई। जिसमें व्यसन मुक्ति नाटिका के साथ मेडिटेशन के विषय में लोगों को अवगत कराया गया ।**

आयोजित कार्यक्रम में भारत इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने देवी गीत से भव्य आरती कराई एवं उन्होंने सभी के समक्ष अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभाएं दिखाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विदुर शरा? से सुनील सोनी ,भारत इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती पदमा सोनी , संतोष सिंह बघेल, पत्रकार शैलेन्द्र निगम, संदीप गुप्ता,बघेल ट्रेडर्स के संचालक अंशु सिंह बघेल, भारत इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर अभिषेक सोनी ,श्रीमती आरती सोनी, समाजसेवी रामदास गुप्ता श्रीमती चंद्रकाली गुप्ता प्राचार्या श्रीमती ,अंकुर कुलकर्णी ,शारदा ट्रेडर्स से प्रदीप द्विवेदी शेरू ,जे. पी सोनी, राहुल कश्यप, अंगद मिश्रा ,शिक्षक रामबली सिंह, गगन त्रिपाठी, रोहित त्रिपाठी ,लवकेश वर्मा, अरुण सिंह हार्डवेयर सहित सैकड़ों की दादात में भक्त जन उपस्थित रहे जिसमें माता रानी की आरती उपरांत आयोजित नाटिका को भी देखा और राजयोगिनी डॉक्टर रानी दीदी द्वारा आशीर्वाद प्राप्त किया।

# छात्र छात्राओं को खिलाई कृमि नियंत्रण की दवाई एलबेण्डाजोल की गोली

नवभारत न्यूज



**नागौद 26 सितंबर, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सम्राट अशोक कान्वेंट स्कूल नयागांव नागौद के छात्र छात्राओं को खिलाई कृमि नियंत्रण की दवाई एलबेण्डाजोल की गोली खिलाई गई।**

इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक घनश्याम कुशवाहा ने लोक स्वस्थ एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुरूप विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से हानिकारक प्रभाव जैसे खून की कमी एनीमिया कुपोषण भूख न लगना बेचैनी पेट में दर्द उल्टी और दस्त वजन में कमी आना आदि की जानकारी एवं एनीमिया से बचाव के उपाय आयरन सिरप एवं गोलियां विटामिन युक्त आहार लेना, पोषण युक्त वाद्य पदार्थ जैसे अंकुरित अनाज हरी सब्जियां पत्तेदार सब्जियां दालें आदि का सेवन करना एवं स्वस्थ रहने के उपाय जैसे हमेशा अपने आसपास साफ सफाई रखना, हमेशा जूते चप्पल पहनना, हमेशा शौचालय में शौच के लिए जाना, नाखून साफ रखना छोटे रखना, साफ स्वच्छ पानी पीना खाने को ढक कर रखना एवं ताजा खाना खाना फल एवं सब्जियों को हमेशा धोकर खाना खाना खाने से पहले शौच जाने के बाद हमेशा साबुन से हाथ धोना आदि जानकारियां दी गई.

इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ एवं विद्यालय के विद्यार्थियों सहित आशा , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं जन स्वास्थ्य रक्षक उपस्थित रहे।

# जीएसटी छूट का लाभ ग्राहकों को शत प्रतिशत मिले यह सुनिश्चित करें व्यापारी बन्धु : संजय राय

नवभारत न्यूज



**अमदरा 26 सितंबर,भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंडी अध्यक्ष संजय राय ने अपने बयान में कहा है कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने और देश की जनता की क्रय शक्ति बढ़ाने के साथ मंहगाई से राहत दिलाने के उद्देश्य से 22 सितम्बर से दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली अनेक वस्तुएँ मोटर गाड़ियों दवाइयों जैसी चीजों पर जी एस टी दरो में भारी कटौती की है ।**

सरकार के इस कदम ने आम जनता को काफी राहत मिली है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे है ।यद्यपि हमारे व्यापारी भाई इस विषय पर बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे है फिर भी मेरा अनुरोध है इस छूट प्रावधानों का लाभ हर स्तर पर ग्राहकों तक मिले। प्रधान मंत्री जी में आम जन से यह भी अपील की है की हमें ज़्यादा से ज़्यादा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना है जो आत्म निर्भर और विकसित भारत के निर्माण में एक निर्णायक कदम होगा ।हम सभी नागरिकों एवं व्यापारी भाइयों को इस संबंध में भी प्रधान मंत्री जी के संदेश को जन जन तक पहुँचाना है और आत्म निर्भर भारत की कल्पना को साकार करना है।

# पड़री स्वास्थ्य शिविर में 38 महिलाओं को मिला प्राथमिक उपचार

नवभारत न्यूज



**बरौंधा 26 सितंबर, म.प्र.शासन के निर्देश पर जिले भर मे स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों के इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत पड़री के उप स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत पड़री गांव के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 148 में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।**

जिसमें महिलाओं की गम्भीर बीमारियों की पहचान जैसे उच्च रक्त चाप, मधुमेह, एनीमिया, सिकल सेल, मानसिक रोग, मोतियाबिंद, कैंसर, दन्त रोग, बधिरता, स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत बीएमआई तथा संचारी रोग- क्षय रोग, कुष्ठ रोग आदि शामिल है। इस शिविर मे आए 38 लोगों में 25 महिलाएं,13 पुरूष शामिल थे, इनमे 0 से 10 वर्ष के 2 बालिका व 6 बालक कुल 8 बच्चे थे तथा 10 से 19 वर्ष की 3 किशोरी बालिकाएं सम्मिलित हुईं, इन सभी को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सीएचओ भारती पांडेय के अतिरिक्त आशा सहयोगिनी ललिता सिंगरौल, आशा कार्यकर्ता मुनीषा द्विवेदी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता साधना सिंह, सहायिका शशिकला पाण्डेय, क्राई संस्था दिल्ली के फैलो आनंद सहित डब्लूएचओ के साथी उपस्थित रहे।

### सुबह 10 बजे से शाम 4 .30 बजे तक आते रहे मरीज

स्वास्थ्य जांच एवं प्राथमिक उपचार लेने के लिए गांव के लोगों का केंद्र आने का सिलसिला सुबह 10 बजे से ही शुरू हो गया था जो शाम 4 .30 बजे तक चलता रहा, इस बीच 38 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई।



# सरस्वती के विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति रैली

नवभारत न्यूज

**रामनगर 26 सितंबर, स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत दिनांक 26 सितंबर 2025 को सरस्वती शिशु मंदिर उ0मा0 विद्यालय के लगभग 600 छात्र छात्राओं ,अध्यापकों ने नगर में नशा मुक्त जागरूकता रैली निकाली।**

कार्यक्रम में नगर परिषद रामनगर अध्यक्ष श्रीमती दीपा मिश्रा, सीएमओ लखन लाल ताम्रकार , स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ विनय कुमार रवि, उपयंत्री ओम प्रकाश द्विवेदी , स्वच्छता प्रभारी कृष्ण किशोर पटेल , ओंकार शर्मा सफाई दरोगा, धीरेंद्र पटेल, सुशील कोल, जितेन्द्र शर्मा , धनञ्जय द्विवेदी, गुलाब कोल, रामू साकेत, अजय बौद्ध, गंगादीन पटेल, सुखेन्द्र विश्वकर्मा, सचिन सिंह, किशोरी लाल पटेल, श्री राम गुप्ता सहित समस्त अस्पताल स्टाफ, सफाई जनसेवक एवं आईईसी टीम प्रमुख अतुल रजक, मेंबर उपस्थित रहे।

# विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए जागरुकता कार्यक्रम

▸ अभिमन्यु अभियान का चौथा दिन

नवभारत न्यूज



**मैहर 26 सितंबर, थाना रामनगर क्षेत्रांतर्गत आज रामनगर पुलिस द्वारा सरस्वती स्कूल रामनगर में ऑपरेशन अभिमन्यु जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया ।**

थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक विजय त्रिपाठी द्वारा छात्र छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, अशिक्षा, रूढ़िवादिता, अंधविश्वास, असंवेदनशीलता, दहेज प्रथा के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया , साथ ही बच्चों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने व जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने के संबंध में बताया गया।

इसी प्रकार थाना अमदरा से उपनिरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद बुनकर एवम सहयोगी स्टाफ द्वारा द्वारा नेशनल हाईवे 30 में मां शारदा देवी के दर्शन को जाने वाले श्रद्धालुओं को अभिमन्यु अभियान की जानकारी दी गई एवम सार्वजानिक स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ताला पुलिस के द्वारा शासकीय उच्चतर विद्यालय ताला में छात्र छात्राओं को अभियान संबंधी उद्देश्यों से अवगत कराते हुए पंपलेट बांटे गए। एवम अमरपाटन पुलिस के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर का प्रदर्शन कर लोगों को जागरुक किया गया।

### सरस्वती स्कूल के आचार्य का हृदय गति रुकने से हुआ निधन



**कोटर 26 सितंबर,** क्षेत्र के रजरवार निवासी मनोज कुमार त्रिपाठी उम्र 56 वर्ष का हृदय गति रुक जाने की वजह से निधन हो गया है वे वर्तमान में अमरपाटन सरस्वती स्कूल में पदस्थ थे जिनका हृदय गति रुक जाने की वजह से 25 तारीख को दोपहर रीवा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शोकाकुल परिवार राजबहादुर त्रिपाठी ,प्रसादी लाल त्रिपाठी ,कमलेश त्रिपाठी ,राम लखन त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किये है।

# जनवि 9 वीं व 11वीं की प्रवेश परीक्षा के आवेदन अब 7 अक्टूबर तक भरे जाएंगे

नवभारत न्यूज

**नागौद 26 सितंबर,जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल एंट्री चयन परीक्षा (स्न्नस्ञ्ज) 2026~ कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है।**

जवाहर नवोदय विद्यालय समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने कक्षा 9वीं व 11वीं जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (स्न्नस्ञ्ज) 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 7 अक्टूबर 2025 तक अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। समिति ने यह महत्वपूर्ण निर्णय प्रशासनिक कारणों से लिया है, ताकि पूरे देश से अधिक से अधिक योग्य छात्र-छात्राएँ इस प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकें और उन्हें जवाहर नवोदय विद्यालयों में प्रवेश पाने का सुनहरा अवसर मिल सके। नवोदय विद्यालय समिति सभी इच्छुक अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अनुरोध करती है कि वे इस विस्तारित समय का सदुपयोग करें और जल्द से जल्द अपने आवेदन पत्र भरें। यह आपके बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम है। अधिक जानकारी के लिए और आवेदन करने हेतु, कृपया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट देखें।

# कांग्रेस ने किसानों की समस्यायों को लेकर टिकुरी चौराहे पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज



**कोटर 26 सितंबर, कोटर तहसील क्षेत्रांतर्गत ग्राम टिकुरी चौराहे पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के महामंत्री लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के आयोजकत्व में किसानों की ज्वलंत ज्वलनशील 13 मांगों को लेकर के आज दिनांक 26-9-2025 को कोटर तहसील क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी ग्रामो के ग्रामीणो.और किसानो को लेकर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।**

यूरिया ,डी ए पी उर्वरक खाद नहीं मिलने से किसानों की धान की फसल बर्बाद होने साथ ही उर्वरक खाद की बाहर व्यापारियों के द्वारा कालाबाजारी कर मंहगे दामों में बेची जाने से हो रही परेशानियों को लेकर बिजली विभाग के के कोटा व बिजली कर्मचारियों के द्वारा टूटे हुए तार टूटे हुए बिजली के खंबे नहीं करवाने समय पर बिजली नहीं उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र में हो रही माता पदार्थ शराब की अवैध प्रकारी विभिन्न मांगों को 13 मांगों को लेकर के आज राज्यपाल के नाम प्रभारी नायब तहसीलदार कोटर मणिराज सिंह बागरी एवं थाना प्रभारी कोटर उप निरीक्षक दिलीप मिश्रा.को ज्ञापन सौंप कर तत्काल मांगों के निराकरण करने की मांग की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रमाशंकर पयासी, अध्यक्षता सत्यभान सिंह.विशिष्ट अतिथि संतोष यादव. पदुम सिंह. पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कोटर रामनारायण उर्फ पप्पू शुक्ला. प्रकाश नारायण पांडे .दिल भरण पयासी. राम सुजान सिंह. गोकुल सिंह. सुरेंद्र तिवारी. उषा सिंह .बाला गौतम. दीना गोस्वामी. राम कलेश सिंह. धीरज शर्मा. बाबूलाल सिंह. राम प्रसाद सिंह. दिनेश त्रिपाठी. गुड्डू निमहा.अयोध्या सिंह. सुखेंद तिवारी .यशवंत सिंह तिवारी समेत सैकड़ो जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पदाधिकारी पार्टी के कार्यकर्ता व किसान ग्रामीण आम जनमानस मौजूद रहे।



### स्वच्छता ही सेवा के तहत वॉल पेंटिंग और वृक्षारोपण हुआ

**रामपुर बाघेलान 26 सितंबर,** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर परिषद रामपुर बाघेलान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं नोडल अधिकारी विश्वजीत कुशवाहा के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 8 बस स्टैंड के पीछे साफ सफाई करा कर चूना डलवाते हुए वृक्षारोपण कराया गया साथ ही वॉल पेंटिंग भी कराई गई जिसमें निकाय के अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कर्मयोगी अभियान के तहत एकलब्य विद्यालय का निरीक्षण

नवभारत न्यूज



**चित्रकूट 26 सितंबर ।जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित "आदि कर्मयोगी अभियान" के अंतर्गत, एक उच्च-स्तरीय दल चित्रकूट के एकक्लब विद्यालय का निरीक्षण किया।**

इस दल में आदिवासी छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा समिति के सहायक आयुक्त श्री गौरव और जनजाति कार्य विभाग सतना के जिला संयोजक डॉ. अरुण कुमार शुक्ला शामिल थे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लेना था।

निरीक्षण के दौरान, टीम ने छात्रों को दिए जा रहे स्नैक्स और दूध की गुणवत्ता की प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त, छात्रावास परिसर में लगे भोजन मेनू की व्यवस्था को भी सराहा गया।इस दौरान, अधिकारियों ने विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने शिक्षकों को उनके शिक्षण कार्य में और अधिक समर्पण लाने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। यह निरीक्षण "आदि कर्मयोगी अभियान" के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य जनजातीय शिक्षा को बढ़ावा देना है।

# 24 घंटे में 4 गुम बालक बालिकाओं को मैहर पुलिस ने दस्तयाब किया

नवभारत न्यूज

**मैहर 26 सितंबर, मैहर कोतवाली थाना पुलिस द्वारा दिनांक 25/09/25 को गुम 4 नाबालिगों को 24 घंटे में दस्तयाब किया गया जिनमें एक बालक व तीन बालिकाएं शामिल हैं।**

**प्रकरण एक** - आवेदक द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसका लड़का उम्र 11 वर्ष दिनांक 23/9/25 को स्कूल से कहीं चला गया है रिपोर्ट पर थाना मैहर में अपराध क्रमांक 850/25 धारा 137(2) दर्ज कर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए 48 घण्टे में बालक को दस्तयाब किया गया। **प्रकरण 2** - फरियादी द्वारा दिनांक 23/9/25 को अपनी 17 वर्षीय पुत्री के कोचिंग पढ़ने जाने एवम वापस न आने पर कोतवाली थाने में रिपोर्ट लेख कराई गई जिस पर अपराध क्रमांक 853/25धारा 137(2) बीएनएस कायम कर सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बालिका को दिनांक 25/09/25 को रेलवे स्टेशन मैहर से दस्तयाब किया गया। **प्रकरण 3** - दिनांक 24/9 /25 को आवेदक द्वारा अपनी 16 वर्षीय पुत्री के घर से लापता हो जाने पर थाना कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई जिस पर अपराध क्रमांक 855 /25 धारा 137(2) कायम किया जाकर आसपास के जिलों में सूचित किया गया एवम बालिका की सघन तलाश की गई। तकनीकी साक्ष्यों की मदद से दिनांक 25/09/25 को बालिका को सकुशल जिला जबलपुर से दस्तयाब किया गया. **प्रकरण 4** - दिनांक 20 /9/ 25 को मैहर निवासी आवेदिका द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि इसकी पुत्री उम्र 15 वर्ष घर से मंदिर जाने को बोलकर निकली थी जो वापस नहीं लौटी ।सूचना पर अपराध क्रमांक 840 /25 धारा 137 (2) कायम कर बालिका की तलाश की गई एवं दिनांक 24 /9/25 को देर रात बालिका को दस्तयाब किया गया ।

# व्याख्यान और विचार मंथन से भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण विषय को मिली नई दिशा

▸ ग्रामोदय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट , 26 सितंबर, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ आज वाल्मीकि सभागार में हुआ।**

भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण संगोष्ठी का विषय रखा गया है। पदमश्री महेश शर्मा, झाबुआ उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने की। दीनदयाल सोच संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने विषय प्रवर्तन एवं मुख्य वक्तव्य दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पदमश्री बाबूलाल दाहिया, सतना एवं उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ श्याम बिहारी गुप्ता ने अपने व्याख्यान के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव साझा किया। पर्यावरण क्षेत्र के धरातलीय कार्यों में लगे डॉ नीलेश भाई सोलंकी, डॉ अनिल कुमार एवं डॉ रविंद्र मोरे, अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग मध्य प्रदेश मंचासीन रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि पदमश्री डॉ महेश शर्मा ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को फेलोशिप अवार्ड, डॉ राजीव राठौर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड एवं अर्चना उपाध्याय को पब्लिक आउट रिच अवार्ड से सम्मानित किया। संगोष्ठी संयोजक डॉ उमेश कुमार शुक्ल द्वारा संपादित सेमिनार स्मारिका , प्रोसीडिंग्स, भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई थी। उद्घाटन सत्र में विषय प्रवर्तन करते हुए मुख्य वक्ता अभय महाजन, राष्ट्रीय संगठन दीन दयाल शोध संस्थान ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण की दिशा में किये जा रहे इस राष्ट्रीय आयोजन के महत्व और प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि हमें अपनी जड़ों और परंपराओं को जानना,पहचानना चाहिए। उन्होंने महा पुरुषों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आवाहन करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सदैव से पर्यावरण की पोषक रही है। श्री महाजन ने नाना जी देशमुख द्वारा स्थापित दीन दयाल शोध संस्थान और अंगीकृत प्रकल्पों के कार्यों पर प्रकाश डाला ।मुख्य अतिथि पदमश्री महेश शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा को संस्कृति और विरासत से जोड़ते हुए कहा कि हमारे वेदों में भारतीय संस्कृति का चिंतन उल्लिखित है। हमारे ज्ञान परंपरा में आसक्ति को विनाश का कारण बताया गया है। उपभोग करें किंतु संग्रह न करने की सीख हमारे पूर्वजों ने दी है। पदमश्री शर्मा ने कहा कि ज्ञान परंपरा में मनुष्य को जीवन जीने की कला बताई गई है। उन्होंने चित्रकूट में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना को नाना जी की सकारात्मक सोच का परिणाम बताते हुए कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप है। विशिष्ट अतिथि पदमश्री बाबूलाल दाहिया ने कहा ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का ज्ञान था। उन्होंने काव्य शैली में किसानों के कार्य और उनके अनुभव को बताया। पद्मश्री दाहिया ने गांव के पास अनुभव जनित ज्ञान का भंडार था। हमारी ग्रामीण लोक परम्परा को भारतीय ज्ञान परंपरा के रूप में मानते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि श्याम बिहारी गुप्ता, अध्यक्ष गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश ने नाना जी के कार्यों को याद करते हुए कहा कि गाय, खेती और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करना चाहिए। श्री गुप्ता ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में सदैव पर्यावरण संरक्षण के उपाय बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय विकास का आधार खेत है। गाय और खेती के माध्यम से भारतीय किसान विकसित भारत 2047 में अपना सशक्त योगदान देंगे। अध्यक्षीय व्याख्यान देते हुए कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण विषय को लेकर हुए व्याख्यान और विचार मंथन ने चिंतन को एक नई दिशा प्रदान की है।प्रो भरत मिश्रा ने पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा योगदान और विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता कृषि प्रो डी पी राय ने किया। सत्र का सफल संचालन डॉ ललित कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन आयोजन सचिव डॉ उमेश कुमार शुक्ल ने किया ।इस अवसर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलसचिव,संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी, छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।